तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	शैलेन्द्र भण्डारी **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353150564718888	
14/01/26	अपीलार्थी शैलेन्द्र भण्डारी निवासी 26 इंद्रा विहार सेक्टर 7 न्यू पावर हाउस जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 08.11.2025 ग्राम चौखा, पटवार चौखा तहसील जोधपुर के गावं बागां के खसरा नं. 719 की भूमि मोहम्मद अतीक से दारूल उलूम अरबिया इस्लामिया शिक्षण संस्थान के नाम परिवर्तन करने सम्बन्धी पत्रावली की प्रतिलिपि से सम्वन्धित सूचना व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) से प्राप्त तथ्यात्मक रिपोर्ट 22 दिनांक 07.01.2026 अनुसार अपीलार्थी का सूचना अधिकारी का आवेदन कार्यालय पत्र दिनांक 12.11.2025 द्वारा तहसीलदार जोधपुर को अंतरित कर आवेदक को सूचित किया जा चुका है। अतः लोक सूचना अधिकारी की उपरोक्त तथ्यात्मक रिपोर्ट के आधार पर अपील खारिज योग्य होने से अस्वीकार की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.01.14 14:07:35 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 19922249